AMAR UJALA MY CITY PAGE 2 & 8

छात्रों ने समझा विभाजन की विभीषिका का दर्द

शिक्षण संस्थानों में कहीं प्रभात फेरी निकली तो कहीं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शहर के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में रविवार को विभाजन की विभीषिका के दर्द को याद किया गया। इस अवसर पर विभिन्न आयोजन हुए।

लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में शिवाजी खेल मैदान से सुबह तिरंगे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई जो हनुमान सेतु, परिवर्तन चौक होते हुए जीपीओ के गांधी प्रतिमा पहुंची और वापस परिसर आकर समाप्त हो गई। इससे पहले छात्र खेल मैदान में 75 संख्या के रूप में खड़े हुए। गांधी प्रतिमा पर कुलपति ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इतिहास विभाग द्वारा भारत के विभाजन पर वार्ता का आयोजन किया। समाज कार्य विभाग ने विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस मनाया व चित्र प्रदर्शनी लगाई। युवा पर्यटन क्लब ने हर घर तिरंगा का आयोजन किया।

एकेटीयू में प्रो. एमके दत्ता के नेतृत्व में झंडारोहण के बाद रन विद तिरंगा रैली निकाली गई। अधिकारी, शिक्षक व छात्रों ने हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ लगाई। वहीं क्विज, स्लोगन लेखन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विभिन्न भवनों का नामांकरण कर दिया गया है। नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास और समाजशास्त्र की ओर से विभाजन विभीषिका का मर्म विषय कोलॉज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में विभाजन की विभीषिका का स्मृति दिवस के अवसर पर छात्रों ने मौन पदयात्रा निकाली।

भारी बारिश के बीच लविवि से निकली तिरंगा यात्रा। कम नहीं हुआ युवाओं का जोश। - संवाद

■ **नम हो गईं आंखें :** विभाजन की त्रासदी से रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री रूबरू हुए। उन्होंने स्टेशन पर विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, महापौर संयुक्ता भाटिया व डीआरएम एसके सपरा ने किया। इस मौके पर लखनऊ समेत 12 रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शनी लगाई गई। डीआरएम ने विभाजन के दौर के अपने नाना-नानी के अनुभवों को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि नाना-नानी जब हिंदुस्तान आए थे तो उस दौर के हालातों को सुनाया करते थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

■ **मेट्रो ने कराई यात्रा :** यूपीएमआरसी ने विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस पर एक प्रदर्शनी का आयोजन आलमबाग बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन पर किया। इसका शुभारंभ इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट ने किया। एमडी सुशील कुमार ने बताया कि पहली बार मेट्रो में हेरीटेज राइड कराई गई है।

■ **जीपीओ में प्रदर्शनी :** जीपीओ में रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल अजय चतुर्वेदी, पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने अपनी बात रखी। विवेक कुमार दक्ष ने बताया कि विभाजन का दंश झेलने वाले सम्मानित नागरिकों, शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

त्रासदी पर चर्चा

श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा की ओर से सदर कैंट के सभागार में रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद बृजलाल ने विभाजन की त्रासदी का विस्तार से सजीव चित्रण किया। स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा सदर ने सांसद बृजलाल को स्मृति चिन्ह दिया। सदर गुरुद्वारे के अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी, नरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बेहद तकलीफदेह दौर था

लखनऊ। विभाजन बेहद तकलीफदेह था। उस विभीषिका को जिन्होंने झेला, वही उस पीड़ा को अंदर से महसूस कर सकते हैं। लोगों के घर छूटे, अपने पीछे रह गए और अपनी मिट्टी को छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। हमें उस विभीषिका को महसूस करना चाहिए। यह कहना है भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार खन्ना का। वह रविवार को एसबीआई मुख्यालय में लगाई गई विभाजन की विभीषिका प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के साथ-साथ हमें संवैधानिक जिम्मेदारियां मिलती हैं, जिसमें हमें अपने देश, समाज और लोगों को आगे बढ़ाना है, उनके कंधे से कंधा मिलाकर चलना है। इस मौके पर ज्वॉइंट हलेक्शन कमिश्नर कृष्ण कुमार गुप्ता, बैंक के सहायक महाप्रबंधक अरुण कुमार साहू, मुख्य शाखा प्रबंधक विक्रांत सक्सेना उपस्थित रहे। तिरंगा साइकिल रैली भी निकाली गई, जिसे मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार खन्ना ने फ्लैग ऑफ किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 9

बीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार को बीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा खत्म हुए तीन माह से ज्यादा हो चुका था। लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई के जिले 37 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परिणाम का इंतजार कर रहे थे। रिजल्ट जारी होने के बाद विश्वविद्यालय साइट पर ट्रैफिक बढ़ने से समस्या हुई। बीए में सर्वाधिक 85772 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। स्नातक में एनईपी लागू होने के बाद पहली बार हुई परीक्षाओं के बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर परिणाम जारी हो चुके थे। इसके बाद बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने शून्य अंक दिए जाने पर प्रदर्शन किया।

i-NEXT PAGE 2

लखनऊ यूनिवर्सिटी से जीपीओ तक निकाली गई तिरंगा यात्रा

तेज बारिश में भी नहीं रुके कदम

लखनऊ यूनिवर्सिटी से जीपीओ तक निकाली गई तिरंगा यात्रा

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, शिक्षकों, स्टूडेंट्स और कर्मचारियों का उत्साह रविवार को देखने वाला था. अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एलयू में तिरंगा रैली का आयोजन किया था. सुबह साढ़े छह बजे ही बड़ी संख्या छात्र और शिक्षक पहुंच गए थे. शिवाजी क्रीड़ागन में आजादी की 75वीं वर्षगांठ को 75 अंक की कृति बनाकर उभारा गया. इसके बाद तिरंगा यात्रा की शुरुआत वीसी की अगुवाई में हुई. यात्रा शुरू होने के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई. लगने लगा कि तिरंगा यात्रा बीच में ही रुक जाएगी लेकिन तेज होती बारिश के साथ ही यात्रा में शामिल लोगों की चाल तेज होने लगी और उत्साह बढ़ने लगा. वन्दे मातरम, भारत माता की जय के नारों के बीच बारिश के साथ तिरंगा यात्रा जारी रही. लखनऊ यूनिवर्सिटी से हनुमान सेतु, परवर्तन चौक होते हुए जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा पर पंहुची. इसके बाद वापस शिवाजी पार्क में राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन हुआ. डीएसडब्लू प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव संजय मेधावी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन एकेडमिक प्रो. राकेश चंद्रा, एनएनएस समन्वयक प्रो. रूपेश कुमार, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप सिंह परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, लेखाधिकारी रत्नेश्वर भारती, बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

एलयू वीसी भी शामिल हुए तिरंगा यात्रा में.

फोटो प्रदर्शनी में दिखी विभाजन की विभीषिका

लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनी का आयोजन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी के समाज कार्य विभाग की ओर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय एडवांस रिसर्च सेंट में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. फोटो प्रदर्शनी के साथ उद्घाटन हुआ. प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान खींची गई तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया. इसके अलावा राधा कमल मुखर्जी हॉल में कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने स्मृति दिवस दिन के महत्व के बारे में बताया. उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को भी याद किया, जो भारत को स्वतंत्रता की ओर ले गए, छात्र प्रशांत पांडे ने भी विभाजन के दर्द और उस नफरत के बारे में बताया, जिसने भारत को दो भागों में विभाजित किया. इसके अलावा डॉ. रोहित मिश्र द्वारा बनायी गयी काकोरी कांड पर एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया. मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से भारत के विभाजन पर ऑनलाइन वार्ता का आयोजन किया.

बीए आनर्स साइकोलाजी, एमए सोशियोलाजी का शेड्यूल

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने बीए आनर्स साइकोलाजी, एमए सोशियोलाजी की सेमेस्टर परीक्षाओं की डेट में संशोधन करने के साथ-साथ एमए के कुछ पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है. एमए साइकोलाजी चौथे सेमेस्टर, बीए आनर्स साइकोलाजी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अगस्त से शुरू होंगी. विस्तृत कार्यक्रम स्टूडेंट्स लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं.

शिक्षक को थप्पड़ मारने वाले छात्र ने मांगी माफी

LUCKNOW: शिया पीजी कालेज में बीते छह अगस्त को राष्ट्र गौरव परीक्षा के दौरान शिक्षक को थप्पड़ मारने वाले आरोपित छात्र राहुल तिवारी पर कार्रवाई का निर्णय 16 अगस्त को लिया जाएगा. कालेज प्रशासन का दावा है कि छात्र ने लिखित माफी मांगी है. जांच कमेटी ने छात्र को फिर से 16 अगस्त को दोपहर दो बजे प्राचार्य कार्यालय में गवाह के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं. इस संबंध में प्राचार्य डा. एस शबीहे रज़ा बाकरी ने नोटिस जारी की है. कालेज के मीडिया प्रभारी डा. प्रदीप शर्मा ने बताया कि जांच कमेटी ने छात्र को 13 अगस्त को बुलाया था.

रविवार की शाम लखनऊ विश्वविद्यालय रोशनी से जगमगा उठा। - संवाद

AMRIT VICHAR PAGE 4

परीक्षा परिणाम जारी, लविवि छात्रों का इंतजार खत्म

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार को बीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा खत्म हुए तीन माह से ज्यादा हो चुका था। लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, रायबरेली के 37 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परिणाम का इंतजार कर रहे थे।

रिजल्ट जारी होने के बाद विश्वविद्यालय साइट पर ट्रैफिक बढ़ने से समस्या हुई। बीए में सर्वाधिक 85772 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने शून्य अंक दिए जाने पर प्रदर्शन किया था। बीए का परिणाम भी जारी करने से रोक दिया गया और पूरा रिजल्ट दोबारा अंक और क्रेडिट प्वाइंट के साथ अपडेट करने के बाद रविवार को जारी किया गया।

नेशनल कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन कल तक

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन का अन्तिम मौका 16 अगस्त तक है। प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि 17 अगस्त को प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। 22-23 और 25 अगस्त को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रवेश परीक्षा होगी।

TRUE TIMES PAGE 1

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी क्रीडांगन में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया

ट्रू टाइम्स संवाददाता

यह प्रभात फेरी शिवाजी क्रीडांगन से हनुमान सेतु, परिवर्तन चौक होते हुए जी पी ओ के गांधी प्रतिमा से वापस लखनऊ विश्वविद्यालय तक निकाली गई।

इस प्रभात फेरी का नेतृत्व माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने किया। सबसे पहले क्रीडांगन में ही छात्रों ने 75 अंक का प्रदर्शन स्वयं अपने को इकट्ठा कर के बनाया।

प्रभात फेरी के आरंभ से ही मूसलधार बारिश होने लगी, किंतु छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की ऊर्जा कम नहीं हुई। सभी लगातार भारत माता की जय, वन्दे मातरम के जयघोष लगाते रहे। गांधी प्रतिमा पर पहुंच कर कुलपति जी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में शिवाजी क्रीडांगन पर राष्ट्रगान के साथ इसका प्रभात फेरी का समापन किया गया।

इस अवसर पर डी एस डब्लू प्रो पूनम टंडन, कुलसचिव संजय मेधावी, कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी, डीन एकेडमिक और विद्यानंद त्रिपाठी, लेखाधिकारी विवेकानंद सांस्कृतिकी प्रो राकेश चंद्रा, एन एन एस के समन्वयक प्रो रूपेश कुमार, चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप सिंह परीक्षा नियंत्रक रमेश्वर भारती, समस्त कर्मचारी एवं भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 6

देश के प्रति हमेशा रहें समर्पित : प्रो. आलोक कुमार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि देश के प्रति हमेशा समर्पित रहना चाहिए और हमें देश के वीरों के प्रति कृतज्ञ होकर तिरंगा जरूर फहराना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिये लंबे चले स्वतंत्रता संग्राम में हजारों वीर शहीद हो गए, उनको याद करने का यह दिन है। हम सब इस मौके पर संकल्प लें कि अपनी आजादी की रक्षा व उसके नायकों के गौरवपूर्ण विरासत के प्रति सदैव नतमस्तक रहने के प्रति हम संकल्पित रहेंगे।

THE PIONEER PAGE 3

PARTITION HORROR

The department of medieval and modern history, Lucknow University, organised a talk on partition of India on Sunday to commemorate the tragedy. The guest speaker was former head of the department of History, Shri MD Shah Mahila College, SNDT University (Mumbai), Prof Ranjana Mishra, who highlighted the causes of partition of India and its ramifications on polity, society, economy and culture of India as well as Pakistan. She also discussed the problems and violence faced by women. The department of social work also organised a symbolic programme on Sunday to commemorate the tragedy of partition under the supervision of head of the department Prof Anoop Kumar Bhartiya. The programme started with a photo exhibition which was inaugurated at Pandit Deen Dayal Upadhyay Advance Research Centre. The photos clicked during partition were displayed in the exhibition. A programme was held at Radha Kamal Mukherjee Hall in which Prof Bhartiya addressed the gathering and spoke about the significance of the day.

PIONEER PAGE 3

शिक्षण संस्थानों ने मनाया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

● लखनऊ विवि में तिरंगे के साथ निकाली गयी प्रभात फेरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को शिक्षण संस्थानों की तरफ से प्रभातफेरी निकाल कर तिरंगे के प्रति देश प्रेम को प्रकट किया गया, वहीं विभाजन स्मृतिका दिवस भी मनाया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी क्रीडांगण से रविवार को प्रात: 7 बजे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी शिवाजी क्रीडांगन से हनुमान सेतु, परिवर्तन चौक होते हुए जीपीओ के गांधी प्रतिमा से वापस लखनऊ विश्वविद्यालय तक निकाली गई। प्रभात फेरी का नेतृत्व विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने किया। प्रभात फेरी के शुभारंभ से ही मूसलाधार बारिश होने लगी किंतु छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की ऊर्जा कम नहीं हुई। सभी लगातार भारत माता की जय, वन्दे मातरम के जयघोष लगाते रहे। गांधी प्रतिमा पर पहुंच कर कुलपति ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में शिवाजी क्रीडांगण पर राष्ट्रगान के साथ-साथ पाकिस्तान की राजनीति, समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति पर इसके प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभाजन के एवज में समाज के कमजोर वर्ग के रूप में महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं और हिंसा पर भी चर्चा की।

रन विद तिरंगा रैली निकली: डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम में रविवार को रन विद तिरंगा रैली निकाली गई। साथ ही क्विज स्लोगन लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता भी हुई। कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार मिश्र के निर्देशन में विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रोफेसर एमके दत्ता के नेतृत्व में झंडारोहण के बाद अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ लगाया । रैली सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के मुख्य द्वार से रन विद तिरंगा निकाला गया। साथ ही क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया। इस दौरान डॉ अनुज हमीं राम कुमार पाठक सौरभ सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाषा विश्वविद्यालय में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिस्ती भाषा विश्वविद्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन कुलपति प्रो एनबी सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, एनसीसी कैडेट्स, रोवर रेंजर तथा अन्य विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित भाषण, गायन तथा कविता पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा तथा डॉ बुशरा अलवेरा ने कार्यक्रम का उद्देश्य कथन तथा धन्यवाद ज्ञापन किया। विवि में आज 75 साल जेमिसाल विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों से 70 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर की प्रदर्शनी ने सभी को मोहित करने के साथ साथ विश्वविद्यालय परिसर में आज़ादी के उत्सव को नया रंग दिया।

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव को यादगार बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों का नामांकरण किया गया है। जिनमें प्रशासनिक भवन को आचार्य नरेंद्र देव प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन को अबुल कलाम आज़ाद शैक्षणिक भवन, पुरुष छात्रावास को नेताजी सुभाष पुरुष छात्रावास, महिला छात्रावास को रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास, पुस्तकालय को राम प्रसाद बिस्मिल पुस्तकालय, अतिथिगृह को अशफाक उल्ला खाँ अतिथिगृह, दीक्षांत हॉल को अटल हॉल, जिमनेसियम को चंद्रशेखर आज़ाद व्यायामशाला, रूसा भवन को गणेश शंकर विद्यार्थी स्टडी सेंटर के नाम से जाना जाएगा।

शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में याद की गयी विभाजन की त्रासदी: डा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुरुष एवं महिला छात्रावास में विभाजन की त्रासदी, आजादी एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त के क्रम में पुरुष छात्रावास में सन 1947 में भारत में एक आंतरिक शांति और व्यवस्था के लिए भारत के विभाजन की अनिवार्यता विषय पर एक वाद, विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में विभाजन की त्रासदी, आजादी एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था कार्यक्रम में महिला छात्रावास की प्रोवोस्ट डा विजेता दुआ, सहायक प्रोवोस्ट डा सुधा राव, डा अमिता शुक्ला, डा प्रज्ञा श्रीवास्तव महिला छात्रावास के समस्त कर्मचारीगण एवं आवासित छात्राओं ने प्रतिभाग किया किया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन: आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में पुलिस मित्र परिवार लखनऊ द्वारा एक वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक में किया गया। जिसका उद्घाटन संस्थान निदेशक प्रो डॉ सोनिया नित्यानंद एवं आईजी कविन्द्र प्रताप सिंह, चितब्बा चौधरी जेसीपी लखनऊ ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी और उनके परिवार और अन्य स्वैच्छिक रक्तदाता उपस्थित थे।

JAGRAN CITY PAGE III

तिरंगा यात्रा में दिखा शिक्षकों और छात्रों का जोश

विश्वविद्यालय के गेट नंबर-दो से परिवर्तन चौक, गांधी प्रतिमा होकर वापस शिवाजी मैदान में हुआ समापन

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने गेट नंबर दो से हजरतगंज गांधी प्रतिमा तक तिरंगा यात्रा निकाली। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया ● लीकेश ने ली

लखनऊ नगर पंचायत अध्यक्षी की तरफ फ्रेंडलेस केंद्र, सिटाडेल होटल सोसायटी से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि वरुणेश राष्ट्र विजेता शहीद मनोज राजपूत के भाई मनमोहन राजपूत, विशिष्ट अतिथि डा. डीएस मिश्र मौजूद थे। मोहम्मद खालिद, जावेद गुप्तेश्वरी, मंजरा पांडे, विजय सुखरा, अरविंद तिवारी, पवन गुप्तेश्वरी, राजा शंकर तिवारी आदि मौजूद थे ● लीकेश शर्मा

वाराणसी, लखनऊ: "भारत माता की जय। वंदे मातरम... इंकलाब जिंदाबाद। कुछ इसी तरह के नारों के साथ तेज बारिश के बीच हाथों में तिरंगा लिए, लखनऊ विश्वविद्यालय के सैकड़ों शिक्षक, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने रविवार को सुबह तिरंगा यात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय खुद इस यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे।

तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो स्थित शिवाजी क्रीड़ा मैदान में शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी से लेकर छात्र-छात्राएं पहुंच गए। हाथों में तिरंगा लेकर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव संजय मेधावी रवीन्द्र डीन, हेड के साथ तिरंगा यात्रा गेट से निकली तभी अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई लेकिन विद्यार्थियों में लेकर किसी का भी जोश कम नहीं हुआ। वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारों के साथ वाला हनुमान सेतु से होकर परिवर्तन चौक, हजरतगंज चौराहे से गांधी प्रतिमा पहुंची। यहां कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके बाद यात्रा उसी जोश के साथ वापस लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी मैदान में पहुंच गई। यहां राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा एवं प्रभात फेरी का समापन हो गया।

इस अवसर पर प्रवक्ता डा. तुहिन श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी सहित 500 से ज्यादा शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

युवाओं में जी कमेटी: यहां एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगा रैली निकाली। इसका नेतृत्व कालेज के प्रवक्ता डा. अब्दुर्सीम ने किया। इसमें एनसीसी के अधिकारी प्रताप सिंह आदि कैडेट्स शामिल हुए।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत तेज रफ्तार अतिवादा द्वारा रविवार को तेज मोटर के नगरवर चौक पावरहाउस डीजाइन तक तिरंगा यात्रा निकाली गई ● लीकेश मैक लखनऊ

बाल महिला सेवा संगठन ने फेकुलरकलर क्षेत्र में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। सामाजिक कार्यकर्ता मनव बिहारी के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में हनुमान उन्नत एवं भारत माता की जय के जयघोष से फेकुलरकलर क्षेत्र गुंजायमान हो गया। तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष लोकल गर्ग, शक्ति सेवा संस्था के प्रमुख कल्याण मिश्र राज महावा फेकुलरकलर क्षेत्र निवासी समस्त पूर्व सैनिक, परिषद जन, स्थानीय वार्ड के लोगों के साथ यही संस्था में महिलाएं मौजूद रही ● लीकेश लखनऊ

पूर्व डेपुटेशन सोसायटी के तत्वावधान में आजाद टेक्निकल केयर, कैसरबाग, सरोजनी नगर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन संस्था की अध्यक्ष अनीता सिंह के नेतृत्व में किया गया ● लीकेश लखनऊ

महिला सशक्तिकरण समिति की तरफ तिलिकगंज और सआदतगंज में सुबह तिरंगायात्रा के के साथ राष्ट्रीय सम्मानीय कानपुर रोड स्थित राम मंदिर से लेकर वापस देवपति तिराहे तक प्रभात फेरी निकाली ● लीकेश लखनऊ